प्रादेशिक समाचार
दिनांक–28.04.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने गिरिडीह जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का किया औचक निरीक्षण, आवश्यक बुनियादी सुविधाओं पर दिया विशेष जोर।
2. राज्य के श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा– सरकार ने अब तक 20 लाख गरीबों के लिए घरों को दी मंजूरी, भाजपा सांसद दीपक प्रकाश ने किया दावा– सभी 14 सीटें जीतेगा एनडीए।
3. लोकसभा चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक के.डी. कुंजन ने मतदाता सूची में गड़बड़ी नहीं होने के दिए निर्देश, डीसी नेगी ने सिमडेगा में लिया चुनाव की तैयारियों का जायजा।
4. 30 अप्रैल को वार्षिक इंटर परीक्षाओं का रिजल्ट जारी करेगा झारखण्ड एकेडमिक कॉउंसिल, जेपीएससी ने सीडीपीओ के 64 पदों के लिए दुबारा निकाला विज्ञापन।

और

5. तीरंदाजी विश्व कप के महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में पूर्व विश्व नंबर–एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी ने जीता रजत पदक।

********************

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले 10 वर्षों में उनकी सरकार ने किसान उत्पादक संगठन के माध्यम से छोटे किसानों की लागत कम करने और कृषि उपज के लिए बाजार खोलने में सहायता की है। श्री मोदी ने कर्नाटक में आज एक चुनाव सभा में कहा कि वित्तीय सहायता से दस करोड़ से अधिक महिला स्व–सहायता समूहों को लाभ हुआ है।

********************

राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने आज लोकसभा और गांडेय विधानसभा उपचुनाव के तहत गिरिडीह जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चुनाव की तैयारियों का जायजा लिया और सम्बंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। श्री कुमार ने मतदाताओं को नैतिक मतदान के लिए प्रेरित करने और मतदान केंद्रों पर आवश्यक सुविधाओं पर विशेष जोर दिया।

********************

राज्य के श्रम, रोजगार और प्रशिक्षण मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा है कि सरकार ने हमेशा जनकल्याणकारी कार्यों को प्राथमिकता दी है। सरकार ने अपने कार्यक्राल में अब तक 30 लाख घरों के लिए प्राप्त आवेदनों में से 20 लाख घरों को मंजूरी प्रदान कर दी है। श्री भोक्ता आज चतरा में एक प्रेस वार्ता को सम्बोधित कर रहे थे। इधर, भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष दीपक प्रकाश ने आज कोडरमा में दावा किया कि झारखंड की सभी 14 सीटों पर एनडीए गठबंधन की जीत होगी।

********************

लोकसभा चुनाव के लिए प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक और भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी के. डी. कुंजन ने मतदाता सूची में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं होने के निर्देश दिए हैं। आज

लोहरदगा जिले में उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक के साथ बैठक में श्री कुंजन ने कहा कि अभ्यर्थियों को मतदाता सूची सौंपे जाने से पहले मतदाता सूची पूरी तरह जांच ली जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह से आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन नहीं होना चाहिए। सामान्य प्रेक्षक श्री कुंजन ने कहा कि मतदान केंद्रों में सभी बुनियादी सुविधाएं होनी चाहिए और कोशिश होनी चाहिए कि कोई भी मतदाता मतदान से वंचित ना रहे। इधर, लोकसभा चुनाव की तैयारियों का जायजा लेने के लिए सामान्य प्रेक्षक दोरजे चेरिंग नेगी ने आज सिमडेगा में पदाधिकारियों के साथ बैठक की और मतदान को लेकर आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

********************

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन कल गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल करेंगी। झारखंड मुक्ति मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने आज बताया कि कल्पना सोरेन के नामांकन में भाग लेने के लिए मुख्यमंत्री चंपई सोरेन समेत महागठबंधन के कई नेता कल गिरिडीह में मौजूद रहेंगे। इधर, चतरा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी और पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी 30 अप्रैल को नामांकन भरेंगे। वहीं, भाजपा के पूर्व विधायक जयप्रकाश सिंह भोगता ने कहा है कि वे इस लोकसभा चुनाव में चतरा संसदीय सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़ेंगे।

********************

देवघर जिले में बढ़ती गर्मी को देखते हुए पानी और बिजली की आपूर्ति व्यवस्था बेहतर करने की कोशिश की जा रही है।

********************

झारखण्ड एकेडमिक कॉउंसिल, जैक 30 अप्रैल को वार्षिक इंटर परीक्षाओं का रिजल्ट जारी करेगा। इधर, जेपीएससी ने बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, सीडीपीओ के 64 रिक्त पदों के लिए दुबारा विज्ञापन प्रकाशित किया है। इसके तहत कल से 20 मई तक ऑनलाइन आवेदन किया जा सकता है।

********************

मुख्यमंत्री मेधा छात्रवृति प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन जून महीने में किया जाएगा। इस परीक्षा में देवघर जिले से 21 हजार से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा के सफल आयोजन के लिए देवघर के विभिन्न प्रखंडों में 59 परीक्षा केंद्र बनाये गए हैं। राज्य भर में इस परीक्षा का आयोजन झारखंड अधिविद्य परिषद, जैक कराएगा।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले के राजनगर प्रखंड स्थित भरतपुर में आज विधिक जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस दौरान बच्चों और महिलाओं को नशा मुक्ति अभियान, डायन प्रथा, बाल–विवाह और महिला उत्पीड़न से संबंधित मामलों के प्रति जागरूक किया गया।

********************

लोहरदगा जिले में सेवा भारती की ओर से चुन्नीलाल उच्च विद्यालय परिसर में आज स्वास्थ्य जांच और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में 42 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गयी।

********************

आतंकवाद निरोधी दस्ता, एटीएस की टीम ने गिरिडीह जिले के बेंगाबाद इलाके में नकली नोटों से जुड़े एक मामले को लेकर छापेमारी की है। इस दौरान एक संदिग्ध के घर से नोट गिनने की चार मशीनें जब्त की गयी। हालांकि, आरोपी भाग निकला। पूरे मामले की जांच जारी है।

********************

गिरिडीह जिले से साइबर ठगी के चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के पुलिस अधीक्षक दीपक शर्मा ने बताया कि इनके पास से 19 मोबाइल फोन, 18 सिम कार्ड, एक एटीएम और एक मोटरसाइकल बरामद किया गया है।

********************

दुमका जिले आज दो अलग–अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत हो गई। पहली घटना दुमका नगर में हुई जहाँ अज्ञात वाहन से कुचलकर 2 लोगों की मौत हो गई, जबकि दूसरी घटना मसलिया में हुई, जहाँ ट्रेलर के धक्के से एक अधेड़ की मौत हो गई। इधर, बोकारो के पेटरवार थाना क्षेत्र स्थित राँची–बोकारो मुख्य मार्ग पर चरगी घाटी में मोटरसाइकिल सवार दो युवकों की अज्ञात वाहन की चपेट में आने से घटना स्थल पर ही मौत हो गई।

********************

पलामू जिले के पाटन थाना क्षेत्र के किशुनपुर स्थित एक जेनरल स्टोर की दुकान से पुलिस ने भारी मात्रा में अंग्रजी शराब जब्त की है। छापेमारी के दौरान दुकानदार भाग निकला, जिसपर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। बताया जा रहा है कि इस शराब का इस्तेमाल लोकसभा चुनाव में किया जाना था।

********************

चीन के शंघाई में, तीरंदाजी विश्व कप में भारतीय टीम ने अब तक 5 स्वर्ण, 2 रजत और एक कांस्य सहित आठ पदक जीते हैं। महिला रिकर्व व्यक्तिगत स्पर्धा में, पूर्व विश्व नंबर–एक खिलाड़ी दीपिका कुमारी को रजत पदक से संतोष करना पड़ा। उन्हें फाइनल में दक्षिण कोरिया की लिम सिह्योन ने पराजित किया। इससे पहले, वर्तमान एशियाई चैंपियन ज्योति सुरेखा वेन्नम ने कल महिलाओं की कंपाउंड व्यक्तिगत वर्ग स्पर्धा में चौथा स्वर्ण पदक जीता।

*******समाप्त*******